# मुरादाबाद में 34.67 करोड़ से बनेगा 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल

## विधायक, डीएम और सीडीओ ने किया भूमिपूजन

मुरादाबाद।

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक बेहतर ढंग से प्रभावी बनाने और हर जरूरतमंद को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से मुरादाबाद को आगामी 18 महीनों में 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल मिल जाएगा। विधायक रितेश गुप्ता ने जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत भूमिपूजन किया और निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। 03 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 34.67 करोड़ रूपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से



लैस 06 मंजिला बिल्डिंग बनेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि इस क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल में ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी, डायग्नोस्टिक, रेड एवं येलो जोन वार्ड, प्रथम तल पर मातृत्व सेवाएं, न्यूबॉर्न क्रिटिकल केयर, वन स्टॉप सेंटर, द्वितीय तल पर डायलिसिस यूनिट, आइसोलेशन रूम्स, तृतीय तल पर आइसोलेशन वार्ड, चौथे तल पर हाई डिपेंडेंसी यूनिट, पांचवे तल पर आईसीयू और छठे तल पर ऑपरेशन थियेटर और रिकवरी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# मौहब्बत के साथ खड़ा होने वाला ही असली इंसानः अहमद

## मौ0 दीपक से मिले कांग्रेस नेता

मुरादाबाद। उत्तराखंड के कोटद्वार में एक मुस्लिम बुजुर्ग की बाबा के नाम से दुकान को लेकर चर्चाओ में आये दीपक कुमार उर्फ मो. दीपक ने दिल्ली में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ ऑल इंडिया कोंग्रेस अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मुरादाबाद निवासी मुहम्मद अहमद खान से मुलाकात की। मुलाक़ात के बाद श्री अहमद ने कहा कि नफ़रत के दौर में जो मोहब्बत के साथ खड़ा हो, वही असली इंसान होता है। आज मेरे साथ तस्वीर में मौजूद दीपक कुमार उर्फ मोहब्बत का दीपक, जिन्होंने कोटद्वार में नफ़रत के खिलाफ मजबूती से आवाज़ उठाई और भाईचारे का पैग़ाम दिया। ऐसे लोग समाज की असली ताक़त होते हैं, जो धर्म और जाति से ऊपर उठकर इंसानियत की बात करते हैं। हम सबको मिलकर मोहब्बत, अमन और



एकता का संदेश फैलाना है।

# मशहूर निर्यातक विपिन कुमार लोहिया का निधन



मुरादाबाद।

श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करोरी आश्रम ट्रस्ट मुरादाबाद के संरक्षक एवं प्रसिद्ध निर्यातक विपिन कुमार लोहिया (डिजाइनको) का आज बीमारी के चलते निधन हो गया। 25 फरवरी को लोहिया का अन्तिम संस्कार होगा। विपिन कुमार लोहिया के निधन पर टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, विधायक / विधान परिषद सदस्यगण रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. जयपाल सिह व्यस्त, ठाकुर रामवीर सिंह, सत्यपाल सिंह सैनी, डॉ हरि सिंह ढिल्लो, राम गोपाल उर्फ गोपाल अन्जान, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, विधायक बढ़ापुर कुँवर सुशांत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह चौहान, महापौर विनोद अग्रवाल, विजय भान सिंह यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, समाजसेवी गण सरदार गुरविन्दर सिंह, डॉ. अरविन्द गोयल, सुशील कुमार शर्मा, डा. प्रदीप शर्मा, बाबा संजीव आकांक्षी, मंसूर उस्मानी, धीरशान्त दास शोक व्यक्त किया है।

# रमज़ान में टाइम मैनेजमेंट : रोज़ा और नमाज़ के साथ संतुलित ज़िंदगी

मुरादाबाद। रमज़ान बरकतों और रहमतों का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला हमें एक खास ट्रेनिंग देता है, और वह है टाइम मैनेजमेंट की। सहरी का वक्त तय, इफ्तार का वक़्त तय, पाँचों नमाज़ों के औक़ात तय। यानी रमज़ान हमें सिखाता है कि एक मोमिन की ज़िंदगी बेतरतीब नहीं, बल्कि वक़्त के हिसाब से चलने वाली होनी चाहिए। टाइम मैनेजमेंट क्यों ज़रूरी है। नायब सदर मरकज़ी जमीयत अहले सुन्नत मुरादाबाद मुफ्ती दानिश कादरी ने बताया कि क़ुरआन में आता है कि बेशक नमाज़ मोमिनों पर वक़्त मुक़र्रर में फ़र्ज़ की गई है। इस आयत से साफ़ पता चलता है कि इस्लाम वक़्त की पाबंदी चाहता है। अगर नमाज़ अपने वक़्त पर पढ़ी जाए



तो पूरा दिन अपने आप सही ढंग से बँट जाता है। इसलिए रमज़ान में सबसे पहले अपनी नमाज़ का शेड्यूल मजबूत करें। रमज़ान में बेहतर टाइम मैनेजमेंट कैसे करें। सुबह की सही शुरुआत सहरी से थोड़ा पहले उठें। तह'जुद और दुआ के लिए कुछ मिनट निकालें। फिर सहरी करें और फ़ज्र की नमाज़ अदा करें। फ़ज्र के बाद 15-20 मिनट क़ुरआन पढ़ने की आदत डाल लें। दिन की शुरुआत ही इबादत से होगी तो बरकत महसूस होगी। दिन का प्लान बनाएं: चाहे आप नौकरी करते हों, कारोबार या तालीम में हों, अपना दिन पहले से तय करें। जरूरी काम पहले निपटाएँ। कोशिश करें कि बेवजह बातें और मोबाइल का इस्तेमाल कम हो। आराम का सही वक्तः ज़ुहर के बाद थोड़ा आराम कर लें। इससे थकान कम होगी और शाम तक रोज़ा आसान लगेगा। अस्र के बाद इबादतः अस्र के बाद का वक़्त बहुत कीमती है। यह दुआ की कबूलियत का वक़्त है। इस समय सोशल मीडिया से दूर रहें और तिलावत, ज़िक्र और इस्तिग़फ़ार करें। इफ्तार में सादगीः हल्का और सादा खाना लें। ज़्यादा खाने से सुस्ती आती है और तरावीह में ध्यान नहीं लगता। रात का संतुलनः ईशा और तरावीह के बाद बहुत देर तक फालतू जागना ठीक नहीं। पर्याप्त नींद लें ताकि अगला दिन ताज़गी से गुज़रे। नौजवानों के लिए खास बातः मेरे प्यारे नौजवानों, रमज़ान में अपनी आदतों को सुधारें। रोज़ का एक छोटा टारगेट बनाएं, जैसे रोज़ आधा पारा पढ़ना या पाँच वक्त की नमाज़ जमाअत से पढ़ना। छोटे-छोटे कदम बड़ी कामयाबी देते हैं। रमज़ान असल में टाइम मैनेजमेंट की बेहतरीन ट्रेनिंग है। अगर हमने इस महीने में अपने वक़्त को सही इस्तेमाल करना सीख लिया, तो पूरी ज़िंदगी में कामयाबी और सुकून मिलेगा। अल्लाह तआला हमें रोज़ा और नमाज़ की पाबंदी के साथ बेहतर टाइम मैनेजमेंट की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए।

# पांच युवाओं को यूथ आइकॉन सम्मान से किया गया सम्मानित

मुरादाबाद।

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद एवं विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण भारत में किया जा रहा है। इस कड़ी में जनपद मुरादाबाद में दोनों ही कार्यक्रमों का आयोजन आज 24 फरवरी को किया गया। यह कार्यक्रम मनोहरपुर स्थित जाडस संस्थान में आयोजित करवाया गया कार्यक्रम के बारे में उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित हुआ युवा कनेक्ट कार्यक्रम के मंच पर सदस्य विधान परिषद सत्यपाल सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए एवं इस मंच पर 5 यूथ आइकॉन सीताराम योग के क्षेत्र से पूजा रानी संगीत क्षेत्र रोहन समाजसेवा के व मनोज पर्वतारोही एवं अभिव्यक्ति पत्रकारिता के क्षेत्र से अपने अनुभव साझा करने के लिए एकत्र हुए। पाँचों वक्ताओं को यूथ आइकॉन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का दूसरा सत्र युवा संसद आरंभ हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ दीपक मेहंदी मैंदिरत्ता कृषि वैज्ञानिक द्वारा की गई। इस युवा संसद में चयनित प्रतिभागियों ने आपातकाल के 50 वर्ष एवं इसके सवक मुख्य विषय पर अपने विचार रखे और इस सत्र से चयनित 10 प्रतिभागी अगले माह विधानसभा लखनऊ में आयोजित होने वाले रा'यस्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संपूर्ण जनपद से आमंत्रित किया गया एवं 18 से 25 वर्ष के आयु के युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया अनुसार लगभग 700 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए और 92 चयनित प्रतिभागियों ने मुरादाबाद में प्रतिभाग किया जिसमें से मोहिनी, उन्नति, हिमांशी शर्मा, दीपांशु, रोहित चौधरी तमन्ना ,आदि को रा'यस्तर के लिए चयनित किया गया कार्यक्रम में अमित कुमार, विकास,कुमार, रवीन्द्र,सिंह चंचल ने विशेष भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन उन्नति चौधरी द्वारा किया गया।

# होली व्यवस्थित ढंग से मनाने पर हुई चर्चा



मुरादाबाद।

एकादशी और होली हो व्यवस्थित रूप से मनाने के संबंध में की गयी। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष गुलफाम सिंह यादव ने की। बैठक में तीन ब्लाकों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । बैठक में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों का अधिक कटान न हो, जगह जगह होलिका दहन होने से सड़क क्षतिग्रस्त न हो और अपव्यय भी अधिक न हो, इस दृष्टि से एक ही स्थान पर होलिका दहन करने पर सहमति बनी। होलिका स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रेत बिछाने की व्यवस्था हुई ताकि सड़क क्षतिग्रस्त न हो और यह भी व्यवस्था की गयी कि होलिका स्थल पर पर्याप्त स्वछता और रोशनी रहे । व्यवस्थाओं को पूर्ण करने हेतु दायित्व भी सौंपे गये। एकादशी के दिन शोक संतिप्त परिवारों में एक साथ जाकर सवेदना व्यक्त करने और दिवंगत की आत्मा को शांति व सद्गति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करने का समय निर्धारित किया गया। होली को गाय के गोबर से बने उपलों से बनाने, औषधीय पदार्थों से बनी सामग्री से वेद मंत्रों की सहायता से आहुति दे कर दहन करने पर सहमति बनायी गयी। होलिका दहन के अगले दिन ब्लाकों में चौपई निकालकर घर घर जाकर होली मिलन करके समरसता का संदेश दिये जाने का वातावरण बनाकर समाज में अ'छी परम्पराओं को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। बैठक में रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा फूल सिंह, विवेक कुमार, प्रकाश वीर आर्य, जगदीश प्रसाद सागर एडवोकेट, विपिन चौहान सुंदर लाल यश गर्ग संदीप चौधरी, राजकुमार सैनी अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू का फिजिकल एजुकेशन कॉलेज फिरचैंपियन ऑफ द चैंपियंस

## इंटर कॉलिजिएट स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप -2026

मुरादाबाद।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में 90 अंकों के संग टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने प्रथम स्थान प्राप्त करके चैंपियन ऑफ द चैंपियंस का खिताब अपने नाम किया। तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर 52 अंकों के साथ द्वितीय और कॉलेज ऑफ सीसीएसआईटी 42 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने 11 गोल्ड, 02 सिल्वर और 02 ब्रांज मेडल्स अपनी झोली में किए।

मेडिकल कॉलेज ने 07 गोल्ड, 02 सिल्वर और 05 ब्रांज मेडल्स, जबकि सीसीएसआईटी कॉलेज 02 गोल्ड, 09 सिल्वर और 05 ब्रांज मेडल्स अपने अपने किए। इसके अतिरिक्त कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने 25 अंक, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज ने 21 अंक, कॉलेज ऑफ फार्मेसी और कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट




ने 16-16 अंक, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने 8 अंक, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन ने 4 अंक, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी ने 3 अंक, डेंटल कॉलेज एंड आरसी और कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने 1-1 अंक अर्जित किए। समापन सम्मान समारोह में वीसी प्रो. वीके जैन ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक औ प्रमाण पत्र प्रदान किए। चैंपियन ऑफ द चैंपियंस ट्रॉफी फिजिकल एजुकेशन को प्रदान की गई, जबकि परम्परागत नियमानुसार ट्रॉफी का औपचारिक हस्तांतरण मेडिकल कॉलेज को किया गया। इस मौके पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। प्रो. वीके जैन ने कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। खिलाड़ियों ने यह सिद्ध किया है कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह केवल पदक जीतने का अवसर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का मंच है। टीएमयू का उद्देश्य स्टुडेंट्स को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाना है।

खेल हमें हार और जीत दोनों को स्वीकार करना सिखाते हैं। जो आज विजेता हैं, उन्हें विनम्र बने रहना चाहिए, और जो पीछे रह गए हैं, उन्हें इसे प्रेरणा के रूप में लेकर और अधिक मेहनत करनी चाहिए। उल्लेखनीय है, इस चैंपियनशिप में कुल 14 संकायों/कॉलेजों की टीमों ने क्रिकेट(महिला एवम् पुरुष), फुटबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), बैडमिंटन, बास्केटबॉल (पुरुष एवम् महिला), कैरम (पुरुष), कबड्डी (पुरुष एवम् महिला), शतरंज (पुरुष एवम् महिला), टेबल टेनिस (पुरुष एवम् महिला), बैंच प्रेस और खो-खो (पुरुष एवम् महिला) सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लिया।

# शहर में भूकंप से बचाव के लिए आयोजित हुई मॉक ड्रिल

मुरादाबाद। शहर स्थित पीवीआर बिल्डिंग में भूकंप से सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल आयोजित हुई। इस दौरान जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस, तहसील प्रशासन और आपदा मित्रों द्वारा सम्मिलित रूप से आयोजित इस मॉक ड्रिल के माध्यम से मॉल के कर्मचारियों के साथ साथ आमजन को भूकंप के दौरान बचाव और सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान आपदा की स्थिति का प्रदर्शन किया गया और स्थानीय लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे आपदा मित्रों ने सबसे पहले जिला स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम को टेलीफोन के माध्यम से सूचित किया। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई है, कई लोग फंसे है और आग लगने की घटना भी घटित हो गई है इसलिए जिला प्रशासन से तत्काल मदद की आवश्यकता है। आपदा विशेषज्ञ द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व को सूचित करते हुए सभी संबंधित विभागों को मौके पर त्वरित रूप से पहुंचने के लिए सूचित किया गया। तहसीलदार सदर और उप नियंत्रक सिविल डिफेंस, सीएफओ, एफएसओ आपदा मित्रों के साथ आपदा विशेषज्ञ तत्काल मौके पर पहुंचे और कमांड एवं कंट्रोल की कार्यवाही शुरू की गई। घटना स्थल पर आग बुझाने के साथ ही सर्च एवं रेस्क्यू कार्य प्रारंभ किया गया तत्पश्चात एनडीआरएफ द्वारा अपने खोजी कुत्तों की मदद से बिल्डिंग में फंसे लोगों की स्थिति का पता लगाया गया और काफी देर की मशक्कत के बाद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों को भूकंप के संबंध में टेबल टॉक के माध्यम से जानकारी दी गई। जिल आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देशानुसार नियमित तौर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

